सार-समाचार

छोटे पशुओं में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पर प्रशिक्षण शुरु

बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों का तीन दिवसीय लेप्रोस्कोपी तकनीको पर प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के अधीन डीमिस्का नेटवर्क प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया जा रहा है। केन्द्र के मुख्य अन्वेषक प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि इस प्रशिक्षण में चिकित्सकों को लैप्रोस्कोपी से संबंधित विभिन्न तकनीकों, स्टरलाइजेशन, बायोप्सी, ऑपरेशन संसाधन, सुचर तकनीको आदि का प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 9 राज्यों तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा एवं राजस्थान के कुल 17 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो पशु चिकित्सा क्षेत्र में उन्नत लेप्रोस्कोपिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो-वाइस चांसलर डॉ. हेमन्त दाधीच ने स्वागत उद्बोधन में पशु चिकित्सा शल्य चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी विभाग, सीवीएएस, बीकानेर के गौरवशाली इतिहास, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं तकनीकी क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. टी.के. गहलोत ने विभाग में लेप्रोस्कोपी की शुरुआत, उसके क्रमिक विकास तथा किसी भी संस्थान में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी प्रारंभ करने की व्यवहारिक प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.के. काजला, प्रोफेसर, एस.पी. मेडिकल कॉलेज, बीकानेर ने भारत में लैप्रोस्कोपी के ऐतिहासिक विकास क्रम तथा मानव चिकित्सा में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के विभिन्न चरणों पर अपने समृद्ध अनुभव साझा किए। कोर्स सह-समन्वयक डॉ. महेंद्र तंवर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे पशुओं में ऑपरेशन के दौरान कम से कम शल्य चिकित्सा के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल को सशक्त बनाना है। डॉ. साकार पालेचा तथा डॉ. अनिल बिश्नोई प्रशिक्षण कार्यक्रम के सह-समन्वयक है।

21 चिकित्सा शिक्षकों को मिली पदोन्नति

बीकानेर। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के 21 चिकित्सा शिक्षकों को पदोन्नति मिली है। राज्य के मेडिकल कॉलेज में कार्यरत बड़ी संख्या में चिकित्सा शिक्षकों की डीपीसी हुई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग में विषयवार पदोन्नति करते हुए आदेश जारी कर दिए। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के अधीक्षक डॉक्टर संजीव बुरी का चयन प्रोफेसर फॉरेंसिक मेडिसिन के पद पर हुआ है। इससे पूर्व वे पातेय वेतन के प्रोफेसर थे। इसी प्रकार ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में डॉ एनएल महावर सीनियर प्रोफेसर और डॉ अरुण भारती प्रोफेसर बन गए हैं। पैथोलॉजी में डॉ नितिन चितलंगिया सीनियर प्रोफेसर, डॉ सुनीता कुलहरि, डॉ विजेता मोदी, डॉ सरोज ओला, डॉ नीतिका मनोज मीना चारों प्रोफेसर, बायोकेमिस्ट्री में डॉ सुरेंद्र जीनगर प्रोफेसर , एनाटॉमी में डॉ कविता पाहुजा सीनियर प्रोफेसर, यूरोलॉजी में डॉ जेपी स्वामी प्रोफेसर , न्यूरोलॉजी में डॉ इंद्र पूरी प्रोफेसर, गेस्ट्रो में डॉ विनिता चौधरी प्रोफेसर , रेडियोथेरेपी में डॉ कमलेश हर्ष एसोसिएट प्रोफेसर, आर्थो में डॉ सुरेंद्र चोपड़ा एसोसिएट प्रोफेसर, सर्जिकल ऑंकोलॉजी में डॉ संदीप गुप्ता , काडिय्यो थोरेसिक में डॉ सर्वेश शर्मा, जर्नल मेडिसिन डॉ बाबूलाल मीणा, न्यूरोसर्जरी में डॉ कपिलपारीक अभी प्रोफेसर तथा रेडियोथेरेपी डॉ कमलेश हर्ष एसोसिएट प्रोफेसर, बने हैं। जनरल सर्जरी में डॉ. रामकिशन काजला की रिव्यू डीपीसी करते हुए उन्हे सीनियर प्रो. बनाया गया है। उनकी पदोन्नति तिथि अप्रैल 20222 मानी गई है। गौरतलब है कि डॉ. काजला 2017 से 2019 तक निलंबित रहे थे। इस वजह से 2025 में प्रो. बने लेकिन उनकी पदोन्नति 2018 से मानी गई थी।

अग्नि नृत्य किया, 25 तक चलेंगे धार्मिक अनुष्ठान

बम्बलू। यहा कतरियासर गांव में जसनाथी संप्रदाय का चार दिवसीय माघ मेला शुरू हो गया है। यह मेला 25 जनवरी तक चलेगा। पारंपरिक अग्नि नृत्य इस मेले का मुख्य आकर्षण है। यह संप्रदाय का सबसे बड़ा मेला है, जिसका आरंभ पारंपरिक अग्नि नृत्य के साथ हुआ। इसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। यह ऐतिहासिक मेला 500 से अधिक सालों से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान संप्रदाय के अनुयायी एक-दूसरे से मिलते हैं और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। मेले में आने वाले भक्तों के लिए हर समय भंडारे की व्यवस्था की गई है। जसनाथी संप्रदाय के संस्थापक संत जसनाथ जी महाराज को ऐसे संत के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अपने हाथों से 'झाल' का पेड़ लगाया था। यह तथ्य मेले के महत्व और संप्रदाय की गहरी जड़ों को दर्शाता है।

अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई से हड़कंप

बीकानेर। घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग के खिलाफ रसद विभाग ने बुधवार को सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से शहर में अवैध गैस कारोबारियों में हड़कंप मच गया। यह कार्रवाई पीबीएम अस्पताल के पास संचालित एक दुकान पर की गई, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों की गैरकानूनी रिफिलिंग की जा रही थी। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने विपुल ठाकुर पुत्र महानंद ठाकुर की दुकान पर दबिश दी। मौके पर घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों और ऑटो रिक्शा में गैस भरने का कार्य किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान 18 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 कांटे और 3 गैस रिफिलिंग मशीन जब्त की गईं। अवैध रूप से गैस को ऑटो रिक्शा में भरा जा रहा था, की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता था।

नाम बदलने से नहीं, काम देने से पेट भरता है

कालू। कांग्रेस नेता डॉ. राजेंद्र मुंड की 'मनरेगा बचाओ महासंग्राम यात्रा' कालू क्षेत्र के ग्राम रावांसर पहुंची। इस दौरान डॉ. मुंड ने कहा कि योजनाओं के नाम बदलने से नहीं, बल्कि काम देने से लोगों का पेट भरता है। यात्रा के दौरान रावांसर में ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें योजनाओं के नाम बदलने वाली राजनीति नहीं, बल्कि काम की गारंटी चाहिए। ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत काम की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। डॉ. मुंड ने आरोप लगाया कि जनहित की योजनाओं के नाम बदलकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरातल पर मनरेगा का बजट काटकर इसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह यात्रा मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए है। डॉ. मुंड ने घोषणा की कि जब तक मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, रावांसर से उठी यह आवाज शांत नहीं होगी।

अनियमितताओं का आरोप लगाया

सूरतगढ़। सूरतगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर बुधवार शाम को सूरतगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया और सब-रजिस्ट्रार विनोद गोदारा को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा हजारों मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जो चुनाव आयोग के नियमों का खुला उल्लघंन है। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू, वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश गेदर, यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल, जिला महासचिव जेपी गिला और नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत ने किया। संगठन महामंत्री अनिल रोकना, प्रवक्ता सहदेव जोशी, मंडल अध्यक्ष श्योपत राम भोभरिया, कमलेश मीणा, एडवोकेट कंचन धारीवाल, मुस्तफा कुरैशी, सतनाम वर्मा, अमर सिंह राठौड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि एईं के दौरान दावा-आपत्ति की अवधि 12 सितंबर से 15 जनवरी तक थी।

भाजपा मंडल प्रभारियों की घोषणा

बीकानेर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ द्वारा मंडल प्रभारियों की घोषणा की गई।जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रभारी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि घोषित सूची में जिला प्रवक्ता जोगेंद्र शर्मा को पुरानाशहर मंडल का प्रभारी,जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला को नयाशहर मंडल का प्रभारी,जिला महामंत्री राजेंद्र पंवार को जस्सूसर मंडल का प्रभारी,जिला कार्यालय सह मंत्री रामकुमार व्यास को गोपेश्वर मंडल का प्रभारी,जिला मंत्री विनोद करोल को मुक्ताप्रसाद मंडल का प्रभारी,जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल हर्ष को लालगढ़ मंडल का प्रभारी,जिला कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल को जूनागढ़ मंडल का प्रभारी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पारिक को गंगाशहर मंडल का प्रभारी,जिला महामंत्री कौशल शर्मा को रानीबाजार मंडल का प्रभारी, जिला मंत्री तरुण स्वामी को शिवबाड़ी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सरस्वती स्तोत्रम् पाठ के साथ प्रारंभ हुआ वसंतोत्सव

- प्रातः पुजारी विजय कुमार छंगाणी के सानिध्य में विधि-विधान से मां सरस्वती को समर्पित उक्त 108 पाठ का पठन कर पूजन किया

बीकानेर । प्रज्ञालय संस्थान द्वारा आयोजित होने वाले दो दिवसीय वसंतोत्सव के प्रथम दिन आज प्रातः नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन परिसर में मां सरस्वती के भव्य मन्दिर में सरस्वती स्तोत्रम् पाठ के साथ प्रारंभ हुआ। मन्दिर प्रन्यास के राजेश रंगा एवं तोलाराम सारण ने बताया कि आज प्रातः पुजारी विजय कुमार छंगाणी के सानिध्य में विधि-विधान से मां सरस्वती को समर्पित उक्त 108 पाठ का पठन कर पूजन किया गया।इस अवसर पर वसन्तोत्सव के खास तौर से आध्यात्मिक महत्व पर अपनी बात रखते हुए राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने बताया कि वसन्त उत्सव जहां भारतीय संगीत, साहित्य एवं कला में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी तरह इसका अपना आध्यात्मिक महत्व है। तभी तो कालिका पुराण में भी वसन्त का सुंदर वर्णन मिलता है।रंगा ने आगे कहा कि भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं को ऋतुओं का वसंत कहा है वे स्वयं सारे देवताओं और परम शक्तियों में सबसे अलग है। वैसे ही वसंत ऋतुओं में अलग पहचान रखते हुए ऋतुओं की राजा कहलाता है।

इस अवसर पर शिक्षाविद् भवानीसिंह, हरिनारायण आचार्य ने भी वसंत के महत्व को रेखांकित करते हुए उसकी प्रासंगिकता बताई।कार्यक्रम का संचालन युवा संस्कृतिकर्मी आशीष रंगा ने किया एवं सभी का आभार मन्दिर प्रन्यासी तोलाराम सारण ने ज्ञापित किया।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कामों के लिए जाना होगा 8 किमी दूर

बीकानेर यहा गंगाशहर में नगर निगम का आफिस बंद हो सकता है। अगर बंद नहीं हुआ तो अन्यत्र शिफ्ट होगा। निगम आफिस जिस बिल्डिंग में निगम आफिस चल रहा था वो अब खाली करना होगा क्योंकि न्यायालय ने भवन खाली करने को कहा है। अगर ऐसा हुआ तो जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समेत कई कामों के लिए लोगों को 8 किमी दूर आना होगा। दरअसल 5 दशक पहले किसी व्यक्ति ने अपनी निजी भूमि नगर निगम को दी थी। उसका किराया भी बहुत कम 50 रुपए के आसपास ही था। करीब 50 साल बाद उस प्रॉपर्टी के मालिक के वारिसान आ गए। उन्होंने खाली करने को कहा था। जब निगम ने खाली नहीं किया तो मामला न्यायालय में पहुंचा। हाल ही में न्यायालय ने किराये का निणय्र करते हुए भवन खाली करने को कहा है। निगम आज के समय का किराया देकर वहां आफिस चलाना नहीं चाहता। ऐसे में गंगाशहर आफिस बंद हो सकता है। ये चर्चा 2018 में भी चली थी कि निगम गंगाशहर अ?ाफिस बंद करने जा रहा ?है। तब भी तत्कालीन जनप्रनिधियों ने आफिस बरकरार रखने के लिए कहा था। हालांकि उस समय मामला टल गया मगर इस बार न्यायालय का निणय्र आने के बाद जिस भवन में अभी ऑफिस चल रहा है वो तो खाली करना ही होगा। अगर दूसरा आफिस नहीं खुला तो लोगों को 8 किमी दूर चलकर निगम आफिस में जन्म-मृत्यु जैसे काम के लिए आना होगा।

काउंसलर और करियर गाइड की नियुक्ति अनिवार्य

बीकानेर। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और करियर मार्गदर्शन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिया है। बोर्ड ने अपने सभी संबद्ध माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में काउंसलिंग एवं वेलनेस शिक्षक तथा करियर काउंसलर की नियुक्ति को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में सीबीएसई द्वारा 19 जनवरी को एक सर्कुलर जारी किया गया है। सीबीएसई संबद्धता उपविधि 2018 की धारा 2.4.12 में संशोधन करते हुए बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अब प्रत्येक स्कूल में हर 500 विद्यार्थियों पर एक काउंसलर नियुक्त करना अनिवार्य होगा। इसके अंतर्गत काउंसलर-विद्यार्थी अनुपात 1:500 रखा गया है। कक्षा 9 से 12 तक 300 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को काउंसलर की आंशिक (पार्ट-टाइम) नियुक्ति की अनुमति दी गई है। नई व्यवस्था के तहत काउंसलिंग एवं वेलनेस शिक्षक (सामाजिक-भावनात्मक काउंसलर) के लिए मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य (मानसिक स्वास्थ्य/काउंसलिंग) अथवा स्कूल काउंसलिंग में डिप्लोमा या डिग्री अनिवार्य की गई है।

सार-समाचार

साइबर अपराधियों पर नकेल के लिए पुलिस को प्रशिक्षण

बीकानेर, राजकीय डूंगर कॉलेज परिसर में एडवांस्ड एंटरप्राइज डिजिटल फॉरेंसिक्स एवं इंसिडेंट रिस्पॉन्स विषय पर पुलिस कमिर्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में 19 पुलिस कमिर्यों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के बाद कार्मिकों की साइबर अपराध जांच एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स के क्षेत्र में तकनीकी क्षमता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को साइबर फॉरेंसिक्स के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में चर्चा के साथ-साथ व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें थ्रेट हंटिंग एवं मोबाइल फॉरेंसिक्स पर साइबर फॉरेंसिक्स विशेषज्ञ द्वारा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन सत्रों के माध्यम से वास्तविक साइबर अपराध जांच से संबंधित व्यावहारिक अनुभव साझा किए गए। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) बीकानेर केंद्र प्रभारी कपिल नायल ने बताया कि प्रशिक्षित पुलिसकर्मी साइबर अपराध मामलों को प्रभावी ढंग से निपटाने तथा डिजिटल घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया में दक्ष हो सकेंगे। इसमें इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के विशेषज्ञ द्वारा एक लाइव विशेषज्ञ व्याख्यान भी दिया गया। इसमें उभरते साइबर खतरों, राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध समन्वय तंत्र तथा डिजिटल जांच से जुड़ी कार्यप्रणालियों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

वेटरनरी कॉलेज का कृषकों ने किया भ्रमण

बीकानेर,। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, में गुरुवार को आत्मा योजना अंतर्गत संगरियां, पीलीबंगा, हनुमानगढ़, टिब्बी, नोहर, रावतसर, भादरा व पलू क्षेत्र के किसानों के दल ने अन्तरराज्यीक कृषक भ्रमण के तहत वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर का भ्रमण किया। निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने किसानों को विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रसार गतिविधियोंएवं पशुपालकों के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। डॉ. संजय सिंह के निर्देशन में कृषकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित डेयरी फार्म, पोल्ट्री फार्म एवं पशुओं के इलाज हेतु क्लिनिक्स का दौरा किया एवं उन्नत प्रबंधन एवं पशुचिकित्सा सुविधाओं को देखा। सहायक कृषि अधिकारी परमिन्द्र सिंह एवं रामेश्वर लाल कृषक भ्रमण दल के समन्वयक रहे।

नई कार्यसमिति गठित

नोखा । भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला बीकानेर की नई कार्यसमिति का गठन नोखा में किया गया है। इस कार्यसमिति में नोखा के बिजली कर्मचारी नेता नरेंद्र कुमार छींपा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। छींपा ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की नीतियों और श्रमिक हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उनकी नियुक्ति पर राजस्थान बिजली श्रमिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री चुन्नीलाल राजस्थानी, डिस्कॉम उपाध्यक्ष प्रेमसुख, डिस्कॉम सदस्य भंवर सिंह बीदावत, भीमसेन भाटी, उपखंड अध्यक्ष बजरंग खीचड़, महामंत्री धन्नाराम कुलडऽिया, ओमप्रकाश साध, मनीष पारीक, महादेव सेन और महेश पारीक सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नोखा स्थित संगठन कार्यालय में छींपा का पुष्पमालाओं से अभिनंदन और स्वागत किया गया।

रेंज में पिछले साल की तुलना में 8.76 प्रतिशत अपराध घटे

बीकानेर, यहा रेंज के चारों जिलों में हत्या, लूट-डकैती, दुष्कर्म जैसे अपराध कम हुए जिससे पुलिस को राहत मिली है। रेंज स्तर पर नवाचार भी किए गए हैं जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और अपराधियों के खिलाफ अभियान में सहयोग मिलेगा। बीकानेर रेंज कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष, 24 की तुलना में 25 में अपराधों में 8.76 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामलों में 30.60 प्रतिशत, दुष्कर्म में 18.46, नाबालिगों से दुष्कर्म में 7.34, डकैती में 20, लूट में 47.57, हत्या का प्रयास में 23.35, अपहरण-व्यपहरण में 7.52, नकबजनी में 21.27, चोरी में 43.36 प्रतिशत कमी आई है। हालांकि, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, ध्वनि प्रदूषण के मामले बढ़े हैं। इसके अलावा महिला अत्याचार के मामलों में 9.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

रेंज में नवाचार .दुर्घटनाओं की निगरानी, डेटा विश्लेषण एवं नियंत्रण के लिए रेंज स्तरीय पोर्टल तैयार किया। इससे सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष, 24 की तुलना में 3.73 प्रतिशत की कमी आई है . गैंग और क्रिमिनल रिकॉर्डस मैनेजमेंट सिस्टम जिसमें केन्द्रीयकृत डिजिटल डेटा संग्रह किया। अब तक 250 से ज्यादा का रिकॉर्ड अपडेट हो चुका है।

रोटरी क्लब मिडटाउन का चार्टर डे दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया

- क्लब अध्यक्ष रघुवीर झँवर ने इस अवसर पर कहा कि रोटरी का मूल मंत्र स्वयं से पहले सेवा है, और रोटरी आपसी मैत्री, सहयोग तथा मानवीय संवेदना का सशक्त मंच है।

बीकानेर । रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन का चार्टर डे इस वर्ष सेवा, संवेदना और मैत्री की भावना के साथ दिव्यांग सेवा संस्थान, नोखा रोड में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कूब के सभी रोटरी साथियों ने उपस्थित होकर दिव्यांग बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया एवं उनके लिए विशेष भोज का आयोजन किया।

क्लब अध्यक्ष रघुवीर झँवर ने इस अवसर पर कहा कि रोटरी का मूल मंत्र स्वयं से पहले सेवा है, और रोटरी आपसी मैत्री, सहयोग तथा मानवीय संवेदना का सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि चार्टर डे को सेवा-भाव से जोड़ते हुए दिव्यांग बच्चों के साथ भोजन कराना इसी रोटरी दर्शन का जीवंत उदाहरण है।

क्लब सचिव आलोक थिरानी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान रोटरी सदस्यों ने अपने हाथों से बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने इस सेवा को सार्थक बना दिया। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल कार्यक्रमों का नाम नहीं, बल्कि निरंतर सेवा की भावना है।संस्थान के संचालकों ने रोटरी कूब बीकानेर मिडटाउन के सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना को मजबूत करते हैं ।

उल्लेखनीय है कि क्लब का गठन वर्ष 2013 में चार्टर अध्यक्ष विमल चांडक के नेतृत्व में सेवा-भाव के उद्देश्य से किया गया था। तब से लेकर आज तक कूब ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित किए हैं।कार्यक्रम में रोटरी साथी निखिल महेश्वरी, सुरेश राठी, आलोक थिरानी, विमल चांडक, रघुवीर झँवर सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस चार्टर डे को सेवा और करुणा का पर्व बना दिया।

प्रदर्शनी का अवलोकन

बीकानेर । जुबली नागरी भण्डार के 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे तीन दिवसीय बसन्त महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने महारानी सुदर्शन कला दीर्घा में लगी चित्रकला प्रदर्शनी को अवलोकन किया।

उन्होंने चित्र प्रदर्शनी में लगे चित्रों को बीकानेर की कला और संस्कृति का आईना बताया और सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बीकानेर में कला एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित हो रही है, यह अच्छे संकेत हैं। दिन भर में अनेक लोगों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस वरिष्ठ साहित्यकार संजय पुरोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनी के दौरान बीकानेर के वरिष्ठ चित्रकार जिसमें पृथ्वी सिंह राजपुरोहित, कलाश्री, धर्मा स्वामी, बरकत अली, एस के हटीला, भूरमल सोनी, एस के नाथ, डॉ. मोना सरदार डूडी मुकेश जोशी, कमल किशोर जोशी, राम कुमार भादाणी, प्रिया मारू, आयुषी तवर, गणेश ओझा, लेखक व्यास, राधिका छंगाणी, राधे व्यास सहित 60 से अधिक बाल, युवा व वरिष्ठ कलाकारों ने 100 से अधिक चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।प्रदर्शनी का समापन शुक्रवार सायं 7 बजे होगा। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

अनूपगढ़ में ईट भट्ठा मजदूरों का विरोध प्रदर्शन

अनूपगढ़। यहां ईंट भट्ठा लेबर यूनियन (सीटू) ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यूनियन ने पहले पब्लिक पार्क में एक सभा का आयोजन किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में मजदूर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। मजदूरों ने एसडीएम सुरेश राव को अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंपा।

सीटू के गुरनाम सिंह ने बताया- ज्ञापन में मुख्य रूप से ईंट भट्टों पर जलाई का समय 1 दिसंबर से 31 मई तक करने की मांग की गई है। इसके अलावा, मजदूरों को निर्माण उद्योग में शामिल कर सभी संबंधित सुविधाएं दिलवाने, केंद्र सरकार की 'हर घर को नल से जल' योजना का लाभ देने और मजदूरों का ई-श्रम कार्ड योजना के तहत पंजीकरण करवाने की मांग भी शामिल है। अन्य मांगों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत मजदूरों की झुग्गी-झोपडऽियों में शौचालय बनवाने, उनके लिए मोबाइल चिकित्सा की व्यवस्था करने, ईंट भट्टों के पास स्कूलों की व्यवस्था करने और मजदूरों को घरेलू दर पर बिजली उपलब्ध करवाने की बात कही गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी./बी.के.एन-25-26-35 **(2) कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के 8 मानवयुक्त समपार गेटों (सिरसा-बठिंडा) सेक्शन LC-138, 159A, 147,120, 180, 159, 170, 152 के इंटरलॉकिंग का प्रावधान। **(3) अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 40633127.78/- **(4) बिड सिक्यूरिटी राशि:** ₹ 353200.00/- **(5) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 11.02.2026 को 15.00 बजे तक **(6) वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 122-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी./बी.के.एन-25-26-36 **(2) कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के 8 मानवयुक्त समपार गेटों (भिवानी-हिसार LC-82, 67, 88J, 87 तथा हिसार-सिरसा सेक्शन में LC-118, 119, 115, 99 के इंटरलॉकिंग का प्रावधान। **(3) अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 42196819.32/- **(4) बिड सिक्यूरिटी राशि:** ₹ 361000.00/- **(5) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 11.02.2026 को 15.00 बजे तक **(6) वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 121-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

वीबी-जी-राम-जी अधिनियम: 26 जनवरी से 8 मार्च तक आयोजित होगा जन संवाद

बीकानेर । विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रचार-प्रसार के लिए 26 जनवरी से 8 मार्च तक जन संवाद और आईईसी की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने इसके लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, ग्रामीण रोजगार गारंटी, पारदर्शी मजदूरी भुगतान और विकेन्द्रीकृत पंचायत प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और फायदों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा सघन जन संवाद आधारित सूचना, शिक्षा और संचार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके लिए छह सप्ताह का कलैण्डर निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि पहले सप्ताह 26 जनवरी से 1 फरवारी तक 'भ्रम बनाम तथ्य' तथा 'रोजगार से परिसंपति' तक विषय पर मीडिया संवाद आयोजित किया जाएगा। इसके तहत वीबी-जी राम जी अधिनियम की वैधानिक विशेषताओं पर सार्वजनिक स्पष्टता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरे सप्ताह के तहत 2 से 8 फरवरी तक 'अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस' मनाए जाएंगे। इस दौरान ग्राम स्तर पर सामूहिक शपथ पाठ तथा बैनर पोस्टर के माध्यम से अधिनियम के प्रावधानों को प्रचारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'विकसित भारत ग्राम संवाद' के तहत तीसरे सप्ताह 9 से 15 फरवरी तक चौपाल, ग्राम सभाओं और ग्राम स्तरीय बैठको का आयोजन तथा दीवार लेखन एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से ग्राम स्तर पर अधिनियम की बुनियादी समझ बनाने तथा अधिकारो एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। इसी क्रम मे 16 से 22 फरवरी तक चौथे सप्ताह के दौरान 'अहिंसा से अधिकार' थीम आधारित गतिविधियां होंगी। इनमे विद्यालयों मे पेंटिंग, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताएं, बच्चों की पेंटिंग का प्रदर्शन, रोजगार अधिकार जागरुकता यात्राओं का आय